## जल जीवन मिशन–"हर घर नल से जल योजना" कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 16.12.2024 को जिलाधिकारी, बलिया की अध्यक्षता में जनपद–बलिया में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं अनुश्रवण हेतु नामित सम्बन्धित एजेन्सियों के कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जल जीवन मिशन–"हर घर नल से जल योजना" कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 16.12.2024 को जिलाधिकारी, बलिया की अध्यक्षता में जनपद–बलिया में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं अनुश्रवण हेतु नामित सम्बन्धित एजेन्सियों के कार्यों की प्रगति समीक्षा हेतु कलेक्ट्रट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।
2. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, बलिया।
3. जिला विकास अधिकारी, बलिया।
4. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, बलिया।
5. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड–प्रथम, बलिया।
6. अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, बलिया।
7. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, बलिया।
8. अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, बलिया।
9. अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, बलिया।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बलिया।
11. बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलिया।
12. अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बलिया।
13. जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी, बलिया।
14. सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
15. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई, बलिया।
16. टीम लीडर, मेसर्स मेधज लि, (टी.पी.आई.)।
17. समस्त संस्था प्रमुख इम्पलीमेंटेशन सपोर्ट एजेन्सीज़।
18. टीम लीडर, स्वजन फाउण्डेशन, बलिया।
19. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स EIIL-SIPL(JV), बलिया।
20. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स L & T बलिया।
21. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स GAJA-GAINFRA(JV), बलिया।

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, जनपद बलिया में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत 03 नग सतही स्रोत आधारित पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है। योजनाओं में मुख्य कार्यो में 03 नग इन्टेकवेल(118 एम0एल0डी0, 186 एम0एल0डी0, 145 एम0एल0डी0), 03 नग डब्ल्यू0टी0पी0(93 एम0एल0डी0, 148 एम0एल0डी0, 115 एम0एल0डी0), 9 नग सी0डब्ल्यू0आर0, 312 नग अवर जलाशय, 2027 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 11793 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली एवं अन्य कार्य प्रस्तावित है। जिसे माह जून 2025 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। फर्म द्वारा कार्यो की प्रगति शासन के पोर्टल jjm.up.gov.in पर साप्ताहिक अपडेट की जाती है। पोर्टल के अनुसार कराये जा रहे कार्यों की प्रगति स्थिति निम्नवत है–

**1. बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगति :–**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं0 06/ED/Phase-04/2023-24 दिनांक 15.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स EIIL-SIPL(JV) द्वारा कराया जा रहा है। जिसकी स्वीकृत लागत रू0 83633.82 लाख है जिसमें मुख्यतः कार्य इण्टेक वेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली के कार्य प्रस्तावित है। फर्म द्वारा प्रस्तुत PERT चार्ट एवं पोर्टल के अनुसार Activity Wise कार्यों की स्थिति निम्नवत है:–

**इण्टेक वेलः–**

योजना के इन्टेक वेल के निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध न होने के दृष्टिगत तहसील बैरिया के ग्राम गोपालपुर एवं केहरपुर में भूमि क्रय की कार्यवाही की जा रही है। जिसमें इन्टेक वेल, मीटर रूम की भूमि क्रय की जा चुकी है एवं एप्रोच की आशिंक भूमि क्रय की जा चुकी है। ग्राम गोपालपुर में गाटा सं0 239 की आवश्यक भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। वर्षा ऋतु प्रारम्भ से पूर्व इन्टेक वेल की खुदाई का कार्य पूर्ण था। तदानुसार कार्यों की प्रगति 14 प्रतिशत थी। तदोपरान्त इन्टेक वेल के निर्माण कार्य बाढ से प्रभावित होने के कारण बन्द था। विगत माह की बैठक से वर्तमान तक कार्यों की स्थिति यथावत् है। वर्तमान मे फर्म द्वारा इन्टेकवेल स्थल पर लेबलिंग का कार्य कराया जा रहा है एवं उक्त की सिंकिंग कार्य हेतु कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकार इन्टेक वेल के अवशेष कार्य फर्म की कार्यशैली के अनुसार निर्धारित समय तक पूर्ण कराया जाना प्रतीत नहीं हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक है।

**डब्ल्यू0टी0पी0:–**

योजना के डब्ल्यूटी0पी0 का निर्माण कार्य तहसील सदर के ग्राम दुधैला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गयी भूमि पर कराया जा रहा है। डब्ल्यूटी0पी0 हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है। डब्ल्यूटी0पी0 के अन्तर्गत वर्तमान में बाउण्ड्रीवाल, एरिएटर, बाईपास चौनल निर्माण कार्य, क्लेरीफ्लोक्युलेटर, फिल्टर हाउस, क्लीयर वाटर रिजरवायर, बैकवास टेंक, पम्प हाउस, केमिकल हाउस, क्लारीनेशन हाउस, एडमिन हाउस, लैब हाउस, का कार्य प्रागति पर है। प्लांट की विगत माह से वर्तमान तक मात्र 2 प्रतिशत बढी है। इस प्रकार डब्ल्यू0टी0पी0 के अवशेष कार्य फर्म की कार्यशैली के अनुसार निर्धारित समय तक पूर्ण कराया जाना प्रतीत नहीं हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक है।

**सी0डब्ल्यू0आर0:–**

योजना में 03 नग सी0डब्ल्यू0आर0 का निर्माण कार्य तहसील बैरिया के ग्राम इब्राहिमाबाद, तहसील बांसडीह के ग्राम बलवीर नैना एंव ग्राम शेरिया प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि पर कराया जा रहा है। सी0डब्ल्यू0आर0 हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है। तीनो सी0डब्ल्यू0आर0 की प्रगति 76 प्रतिशत से अधिक है एंव शेष कार्य प्रागति पर है। जिसे फर्म द्वारा माह जनवरी में पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

**अवर जलाशयः–**

योजना अन्तर्गत 51 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील सदर, बैरिया एवं बांसडीह के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है। अवर जलाशय हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है। जिसमें फर्म द्वारा समस्त अवर जलाशय का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 05 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 8 नग अवर जलाशय की प्रगति 26 से 50 प्रतिशत, 16 नग अवर जलाशय की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत एवं 22 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। परन्तु फर्म द्वारा वर्तमान तक एक भी अवर जलाशय का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। इस प्रकार अवर जलाशयों के अवशेष कार्य फर्म की कार्यशैली के अनुसार निर्धारित समय तक पूर्ण कराया जाना प्रतीत नहीं हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक है।

**वितरण प्रणालीः–**

योजना के विभिन्न जोन अन्तर्गत 521 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 2535 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली का कार्य प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 334 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 1840 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार वितरण प्रणाली के अवशेष कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराने के दृष्टिगत

प्रत्येक माह 32 किमी0 डी0आई0 एवं 116 किमी0 एच0डी0पी0 पाइप बिछाया जाना लक्षित है। जो फर्म की कार्यशैली के अनुसार समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाना प्रतीत नही हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक है।

**2. हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगति :–**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं0 01/ED/Phase-04/2023-24 दिनांक 14.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स मेसर्स L & T द्वारा कराया जा रहा है। जिसकी स्वीकृत लागत रू0 138713.48 लाख है जिसमे मुख्यतः कार्य इण्टेक वेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली के कार्य प्रस्तावित है। फर्म द्वारा प्रस्तुत PERT चार्ट एवं पोर्टल के अनुसार Activity Wise कार्यों की स्थिति निम्नवत है:–

**इण्टेक वेलः–**

योजना के इन्टेक वेल के निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध न होने के दृष्टिगत तहसील सदर के ग्राम हैबतपुर में भूमि क्रय की कार्यवाही की जा रही है। जिसमें इन्टेक वेल, मीटर रूम की भूमि क्रय की जा चुकी है एवं एप्रोच की आशिक भूमि क्रय की जा चुकी है एवं गाटा सं0 402, 403 625 एवं 736/607 की आवश्यक भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। है। वर्षा ऋतु प्रारम्भ से पूर्व इन्टेक वेल की सिंकिंग का कार्य पूर्ण था एवं एप्रोच ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर था। तदानुसार कार्यो की प्रगति 62 प्रतिशत थी। तदोपरान्त इन्टेक वेल के निर्माण कार्य बाढ़ से प्रभावित होने के कारण बन्द था। विगत माह की बैठक से वर्तमान तक कार्यो की स्थिति नदी के कटान के कारण यथावत् है। जिसके क्रम में इन्टेक वेल के एप्रोच मार्ग हेतु सर्वेक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। फर्म द्वारा रि–डिजाइन की कार्यवाही की जा रही है। शेष कार्य रि–डिजाइन उपलब्ध होने एवं उक्त की स्वीकृति के उपरान्त प्रारम्भ कराया जायेगा। इस प्रकार इन्टेक वेल के अवशेष कार्य फर्म की कार्यशैली के अनुसार निर्धारित समय तक पूर्ण कराया जाना प्रतीत नहीं हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक है।

**डब्ल्यू0टी0पी0:–**

योजना के डब्ल्यूटी0पी0 के निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध न होने के दृष्टिगत तहसील सदर के ग्राम कटरिया में भूमि क्रय की कार्यवाही की जा रही है। डब्ल्यू0टी0पी0 हेतु प्लांट के अधिकांश भूमि के क्रय की कार्यवाही की जा चुकी है एवं गाटा सं0 318, 322, 314 एवं 315 की आवश्यक भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। डब्ल्यूटी0पी0 के अन्तर्गत वर्तमान में बाउण्ड्रीवाल, एरिएटर, बाईपास चौनल निर्माण कार्य, क्लेरीफ्लोक्युलेटर, बैकवास टेंक, पम्प हाउस, केमिकल हाउस, क्लारीनेशन हाउस, एडमिन हाउस, लैब हाउस, का कार्य प्रागति पर है। प्लांट की विगत माह से वर्तमान तक मात्र 2 प्रतिशत बढ़ी है। इस प्रकार डब्ल्यू0टी0पी0 के अवशेष कार्य फर्म की कार्यशैली के अनुसार निर्धारित समय तक पूर्ण कराया जाना प्रतीत नहीं हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक हैं।

**सी0डब्ल्यू0आर0:–**

योजना में 04 नग सी0डब्ल्यू0आर0 का निर्माण कार्य तहसील रसडा के ग्राम हिंगुवाडीह, तहसील सदर के ग्राम करनई, ग्राम सुखपुरा एंव ग्राम शेर प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि पर कराया जा रहा है। सी0डब्ल्यू0आर0 के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है। समस्त 04 नग सी0डब्ल्यू0आर0 का निमार्ण कार्य प्रगति पर है। जिसमें 01 नग सी0डब्ल्यू0आर0 की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत एवं 03 नग सी0डब्ल्यू0आर0 की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। शेष कार्य प्रगति पर है। जिसे फर्म द्वारा माह जनवरी मे पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

**अवर जलाशयः–**

योजना अन्तर्गत 151 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील बांसडीह, सदर एवं रसडा के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है। फर्म को 149 नग अवर जलाशय की भूमि उपलब्ध है। अवर जलाशयों के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है।

जिसमें 02 नग भूमि पर जल भराव के कारण कार्य बाधित है। एवं 146 नग अवर जलाशय का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 55 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 56 नग अवर जलाशय की प्रगति 26 से 50 प्रतिशत, 15 नग अवर जलाशय की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत एवं 15 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। 05 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण है। इस प्रकार अवर जलाशयों के अवशेष कार्य फर्म की कार्यशैली के अनुसार निर्धारित समय तक पूर्ण कराया जाना प्रतीत नहीं हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक हैं।

**वितरण प्रणाली:–**

योजना के विभिन्न जोन अन्तर्गत 748 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 4781 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली का कार्य प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 82 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 1690 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार वितरण प्रणाली के अवशेष कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराने के दृष्टिगत प्रत्येक माह 113 किमी0 डी0आई0 एवं 465 किमी0 एच0डी0पी0 पाइप बिछाया जाना लक्षित है। जो फर्म की कार्यशैली के अनुसार पूर्ण कराया जाना प्रतीत नहीं हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक हैं।

**3. मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगति :–**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं0 11/ED/Phase-04/2023-24 दिनांक 19.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स GAJA-GAINFRA(JV), द्वारा कराया जा रहा है। जिसकी स्वीकृत लागत रू0 118033.66 लाख है जिसमें मुख्यतः कार्य इण्टेक वेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली के कार्य प्रस्तावित है। फर्म द्वारा प्रस्तुत PERT चार्ट एवं पोर्टल के अनुसार Activity Wise कार्यों की स्थिति निम्नवत है:–

**इण्टेक वेल:–**

योजना के इन्टेक वेल के निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध न होने के दृष्टिगत तहसील बेल्थरारोड के ग्राम हल्दीरामपुर में इन्टेक वेल, मीटर रूम एवं एप्रोच की भूमि क्रय की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। वर्षा ऋतु प्रारम्भ से पूर्व काफर डैम का निर्माण कार्य एवं इन्टेक वेल के खुदाई का कार्य प्रगति मर था। तदानुसार कार्यो की प्रगति 07 प्रतिशत थी। तदोपरान्त इन्टेक वेल के निर्माण कार्य बाढ़ से प्रभावित होने के कारण बन्द था। विगत माह की बैठक से वर्तमान तक कार्यो की स्थिति यथावत् है। वर्तमान में फर्म द्वारा इन्टेकवेल स्थल पर खुदाई का कार्य कराया जा रहा है। इस प्रकार इन्टेक वेल के अवशेष कार्य फर्म की कार्यशैली के अनुसार निर्धारित समय तक पूर्ण कराया जाना प्रतीत नहीं हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक हैं।

**डब्ल्यू0टी0पी0:–**

योजना के डब्ल्यूटी0पी0 के निर्माण हेतु सरकारी भूमि उपलब्ध न होने के दृष्टिगत तहसील सिकन्दरपुर के ग्राम जमालपुर में भूमि क्रय की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। डब्ल्यूटी0पी0 के अन्तर्गत वर्तमान में बाउण्ड्रीवाल, एरिएटर, बाईपास चौनल निर्माण कार्य, क्लेरीफ्लोक्युलेटर, फिल्टर हाउस, क्लीयर वाटर रिजरवायर, बैकवास टेंक, पम्प हाउस, केमिकल हाउस, क्लारीनेशन हाउस, एडमिन हाउस, लैब हाउस, का कार्य प्रागति पर है। प्लांट की विगत माह से वर्तमान तक मात्र 4 प्रतिशत बढ़ी है। इस प्रकार डब्ल्यू0टी0पी0 के अवशेष कार्य फर्म की कार्यशैली के अनुसार निर्धारित समय तक पूर्ण कराया जाना प्रतीत नहीं हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक हैं।

**सी0डब्ल्यू0आर0:–**

योजना में 03 नग सी0डब्ल्यू0आर0 का निर्माण कार्य तहसील सिकन्दरपुर के ग्राम जमालपुर, ग्राम गौरा मदनपुरा एवं तहसील रसडा के ग्राम गौरीतार में कराया जाना प्रस्तावित है। सी0डब्ल्यू0आर0 के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है। तीनो सी0डब्ल्यू0आर0 के अन्तर्गत वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। जिसमें 01 नग सी0डब्ल्यू0आर0 की प्रगति 26 से

50 प्रतिशत एवं 02 नग सी0डब्ल्यू0आर0 की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। शेष कार्य प्रगति पर है। जिसे फर्म द्वारा माह जनवरी में पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

**अवर जलाशयः-**

योजना अन्तर्गत 110 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील बांसडीह, सिकन्दरपुर एवं बेल्थरा रोड के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है। फर्म को 107 नग अवर जलाशय की भूमि उपलब्ध है। अवर जलाशयो के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि के पुर्नग्रहण की कार्यवाही जनपद स्तर से अपेक्षित है 03 नग भूमि पर जल भराव/स्थानीय विवाद के कारण कार्य बाधित है शेष 104 नग अवर जलाशय का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 43 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 25 नग अवर जलाशय की प्रगति 26 से 50 प्रतिशत, 18 नग अवर जलाशय की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत एवं 11 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। 07 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण है। इस प्रकार अवर जलाशयों के अवशेष कार्य फर्म की कार्यशैली के अनुसार निर्धारित समय तक पूर्ण कराया जाना प्रतीत नहीं हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक हैं।

**वितरण प्रणालीः-**

योजना के विभिन्न जोन अन्तर्गत 758 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 4477 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली का कार्य प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 358 किमी0 राइजिंग डी0आई0 वितरण प्रणाली, 2248 किमी0 एच0डी0पी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार कार्यो को समयान्तर्गत पूर्ण कराने के दृष्टिगत प्रत्येक माह डाली जा रही वितरण प्रणाली में 67 किमी0 डी0आई0 एवं 372 किमी0 एच0डी0पी0 पाइप बिछाया जाना लक्षित है। जो फर्म की कार्यशैली के अनुसार पूर्ण कराया जाना प्रतीत नहीं हो रहा है। जो अत्यन्त खेद जनक हैं।

**4. सतही स्रोत योजनाओं में एवं पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन योजनाओं विद्युत विभाग के कार्यों की स्थिति :-**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सतही स्रोत आधारित 03 नग निर्माणाधीन योजनाओं मे 15 नग विद्युत संयोजन की धनराशि सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड को माह मई 2024 में प्रेषित किये जाने के उपरान्त भी योजनाओं पर 10 स्थलों पर विद्युत संयोजन की कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गयी है। सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड द्वारा अवगत कराया गया विद्युत संयोजन हेतु स्टोर में सामग्री उपलब्ध नहीं है। जिसकी मांग हेतु सूचना प्रेषित की जा चुकी है। सामग्री प्राप्त होते ही संयोजन की कार्यवाही तीव्र गति से कराते हुये संयोजन समय अन्तर्गत पूर्ण कर लिये जायेगें।

**5. योजनाओं अन्तर्गत कराये जा रहे वितरण प्रणाली के कार्यो में क्षतिग्रस्त रोड एवं मरम्मत की स्थिति :-**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत कार्यदायी फर्मो द्वारा आवंटित ग्रामों में विभिन्न साइजों की वितरण प्रणाली का कार्य कराया कराया जा रहा है। जो कार्यस्थल की आवश्यकता के अनुसार पक्की सडक (सी0सी0/खडंजा/ बिटुमिन/टाइल्स) अथवा कच्ची पटरी पर बिछायी जा रही है। उक्त के पुनर्स्थापन का कार्य सम्बंधित कार्यदायी फर्म द्वारा स्वयं कराया जा रहा है। वितरण प्रणाली बिछाने में रोड कटिंग एवं पुर्नस्थापन हेतु समय-समय पर शासन एवं विभाग द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से समस्त कार्यदायी फर्मो को सूचित किया गया है। फर्म द्वारा कराये गये कार्यों के स्थलीय सत्यापन के क्रम में लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग अथवा अन्य कार्यालयों द्वारा निर्मित/निर्माणाधीन सडकों की सूची के क्रम में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग एवं जिला पंचायत कार्यालय द्वारा आंशिक सूची उपलब्ध करायी गयी है।

अधिशासी अभियन्ता लो0 नि0 वि0 प्रान्तीय खण्ड द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्मो द्वारा योजनाओं अन्तर्गत बिछाये जाने वाली वितरण प्रणाली के कार्यो में उपरोक्त आदेशों का अनुपालन नहीं

कराया जा रहा है। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग से फर्मो द्वारा समन्वय स्थापित न किये जाने के कारण कार्यदायी फर्मो के अधीनस्थ सब कान्ट्रेक्टरों द्वारा मनमाने ढंग से वितरण प्रणाली का कार्य कराये जा रहे हैं एवं पक्की सडक के निकट कच्ची पटरी उपलब्ध होने के बावजूद भी रोड कटिंग एवं उक्त की समय से मरम्मत न किये जाने की सम्बन्धित विभाग से शिकायतें प्राप्त हो रही है।

**निष्कर्ष एवं निर्देशः-**

1. फर्मो द्वारा योजनाओं के कार्य अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे हैं। अतः अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त फर्मो को योजनावार सभी घटको के कार्य तीव्र गति से कराने के निर्देश दिये गये है। एवं आगामी माह में योजनाओं अन्तर्गत अपेक्षित प्रगति न होने की दशा में अनुबन्ध के अनुसार कार्यवाही/पेनाल्टी हेतु शासन को सूचित कर दिया जायेगा।
2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवर जलाशयओं के जलकल परिसर एवं अन्य कार्यो हेतु उपलब्ध कराई गयी भूमि पर स्थानीय विवाद के निस्तारण एवं उपलब्ध करायी गयी समस्त भूमियों के भू-प्रबन्धन समिति से प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में पुर्नग्रहण के कार्यवाही हेतु अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को सम्बन्धित उपजिलाधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर यथाशीघ्र निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया।
3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रय की जाने वाली भूमि में अवशेष भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे निर्देशित किया। जिससे फर्म द्वारा समय से योजना को पूर्ण करने में कोई बाधा उत्पन्न ना हो।
4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त विद्युत वितरण खण्डों के अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित योजनाओं के विद्युत संयोजन को समय अन्तर्गत पूर्ण करने हेतु सामग्री एवं मैनपावर की उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें। योजनाओं का कार्य पूर्ण होने के साथ यह सुनिश्चित कर ले कि किसी भी दशा में योजनाओं का संचालन विद्युत विभाग के कार्यो से अपेक्षित न हो।
5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा वितरण प्रणाली डाले जाने से क्षतिग्रस्त मार्गो की सम्पूर्ण सूची उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण) कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देश दिये गये एवं उक्त के साथ समस्त विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुये जल जीवन मिशन अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के कार्यो एवं उक्त में क्षतिग्रस्त सडकों के मरम्मत कार्यो को फर्म के माध्यम से ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।
6. शासनादेश सं० 67/2024/2058 /छिहत्तर-1-2024/1636701 दिनांक 04.11.2024 के माध्यम से स्पष्ट किया गया कि अन्य विभागों की कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत क्रियांवित की गयी/की जा रही विभिन्न पाइप पेयजल योजनाओं हेतु बिछायी गयी पाइपों को क्षतिग्रस्त कर दिये जाने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों मे नियमित शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने में कठिनायी होती है एवं जल जीवन मिशन के कार्यो पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है। शासनादेश में सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया है कि विभिन्न विभागों द्वारा जनपदों के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में खुदाई से सम्बन्धित कार्य कराये जाने से पूर्व सम्बन्धित कार्य की ड्राइंग/डिटेल्स आदि सम्बन्धित जनपद के अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण) से साझा करते हुए उक्त कार्य क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाई गयी पाइप लाइन की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर लें। इसके बाद ही यथावश्यक खुदाई आदि का कार्य सावधानी पूर्वक कराया जाए, जिससे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बिछाई गई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त न हो। उक्त का अनुपालन न करने की दशा में ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में, पेयजल आपूर्ति की विभिन्न पाइप लाइन आदि की मरम्मत/पुनर्निर्माण के कार्य पर आने वाले व्यय का वहन/प्रतिपूर्ति सम्बन्धित विभागों द्वारा किया जायेगा।

बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं यथा-आई०एस०ए०, टी०पी०आई०, डी०पी०एम०यू० एवं अन्य विभागों को उनके द्वारा कराये जाने वाले

कार्यों को शासन/प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार निष्पादित कराने के निर्देश दिये एवं जनपद में निर्माणाधीन सतही पेयजल योजना के निर्माण में आने वाली समस्त समस्याओं का निराकरण कराते हुए योजनाओं के कार्यों को निर्धारित समय सीमा अन्तर्गत पूर्ण कराने हेतु समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया एवं आपेक्षित प्रगति न होने की दशा में फर्मों विरूद्ध कार्यवाही हेतु पत्रावली प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

**(प्रवीण कुमार लक्षकार)**
जिलाधिकारी,
बलिया।

**पृ0सं0: / / दिनांक: / /2024**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, किसान बाजार, गोमती नगर, लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, बलिया।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, बलिया।
4. परियोजना निदेशक, एन0एच0ए0आई0, आजमगढ़।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
6. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, द्वितीय,तृतीय एवं चतुर्थ, बलिया।
7. अधिशासी अभियन्ता, एन0एच0/प्रान्तीय खण्ड/निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया।
8. अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, बलिया।
9. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड–प्रथम, बलिया।
10. अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, बलिया।
11. अधिशासी अभियन्ता, यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड, बलिया।
12. टी0डी0एम0, भारत संचार निगम लिमिटेड, बलिया।
13. अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बलिया।
14. जनपदीय टीम लीडर, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 लखनऊ।
15. जिला समन्वयक, प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट, बलिया।
16. परियोजना प्रबन्धक, समस्त कार्यदायी फर्म।

जिलाधिकारी,
बलिया।